सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 183 | इंदौर, शुक्रवार 17 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



**मौसम विभाग के मुताबिक, 19-20 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ेगा। इस बार जनवरी के आखिरी सप्ताह में भी तेज ठंड पड़ने का अनुमान...**

### भागवत के बयान पर उबल रही सियासत

## राहुल गांधी पर डॉ. मोहन यादव किया पलटवार

# कांग्रेस देश विरोधी तरीके से अपनी पहचान बना रही है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का इंदौर में दिया गया बयान अब देश की सियासत में उबाल ला रहा है। उनके संविधान पर दिए वक्तव्य पर राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई लोगों की प्रतिक्रिया सामने आ चुकी है। अब मामले में प्रदेश के मुखिया मोहन यादव और कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पलटवार किया है।**

सबसे पहले जान लीजिए मोहन भागवत क्या बोले थे, भागवत ने इंदौर में देवी अहिल्या राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में कहा था कि अनेक शतकों से पर चक्र झेलने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा उस दिन हो गई थी। स्वतंत्रा थी, लेकिन प्रतिष्ठित नहीं। 15 अगस्त को भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई। हमने अपना संविधान भी बनाया, लेकिन संविधान भाव के अनुसार वह चला नहीं। भागवत के इस बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपत्ति ली है। अब इस पर कांग्रेस नेता राहुल



गांधी ने कांग्रेस के नए कार्यालय के उद्घाटन के दौरान आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधते हुए दिए बयानों पर राजनीति गरमाने लगी है। राहुल ने कहा था कि कांग्रेस न सिर्फ भाजपा व आरएसएस, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ाई लड़ रही है। दोनों ने देश के सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। राहुल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान को भी संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि भागवत कह रहे हैं कि 1947 में भारत को सच्ची आजादी नहीं मिली। उनका बयान भारतीय नागरिक का अपमान है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि यदि मोहन भागवत इसी तरह से बयान देते रहे तो देश में उनका घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा। आरएसएस और बीजेपी के लोगों को (1947 में मिली) देश की आजादी याद नहीं है क्योंकि उनके वैचारिक पूर्वजों की ओर से आजादी की जंग में कोई योगदान नहीं दिया है। RSS-BJP के लोगों को आजादी का दिन इसलिए याद नहीं, क्योंकि उन लोगों ने देश की आजादी में कोई योगदान नहीं दिया। राहुल के बयान पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कांग्रेस देश विरोधी तरीके से अपनी पहचान बना रही है। राहुल गांधी इसके सिरमौर है। कांग्रेस के नेता आतंकवादियों के नाम सम्मानजनक तरीके से लेते है। कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी भूल गए हैं कि वे लोकतंत्र के दूसरे सबसे बड़े पद पर बैठे हुए हैं। देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्हें अपने बयान के लिख खेद व्यक्त करना चाहिए। लोकतंत्र में नीतियों पर बोला जा सकता है, लेकिन देश विरोधी मानसिकता किसी भी तरह से जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को यह बात समझ आएगी और वे माफी मांगेंगे। कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर कहा कि बाबा साहेब की जन्मस्थली मध्य प्रदेश में है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री कभी महू नहीं आए। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। भाजपा हमेशा बाबा साहेब के दिखाए मार्गों का पालन करती है।

## 60 बुलडोजर, 600 कर्मचारी... वन विभाग की 'फौज' देखकर भागे माफिया

### 900 बीघा जमीन कुछ ही घंटों में खाली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। मध्य प्रदेश के गुना में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। भू माफिया ने वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी। साथ ही उस भूमि पर फसल लहलहा रहे थे। वन विभाग ने अतिक्रमित भूमि पर कब्जा हटाने के लिए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। अपनी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वन विभाग ने सेना स्टाइल में काम किया है। इसके बाद जमीन छोड़कर वन माफिया भाग निकले हैं। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।दरअसल, गुना जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कमलपुर गांव के पास जंगल में वन विभाग की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए 60 जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। वन विभाग की टीम एक साथ इतने जेसीबी को लेकर पहुंची है। जेसीबी का काफिला देखकर अतिक्रमणकारी वहां से भाग खड़े हुए।

### नगरीय प्रशासन पीएस ने आईडीए कार्यों की समीक्षा की

# इंदौर को टॉप 10 शहरों में शामिल करने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने गुरुवार को इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इंदौर को देश के टॉप 10 शहरों में शामिल करने के लिए ठोस योजना बनानी होगी।**

संजय शुक्ला ने कहा कि, मध्य प्रदेश की बड़ी संभावना वाला शहर है। यह अर्थव्यवस्था का केंद्र है। बैठक में शहर की अर्थव्यवस्था को आगे और कैसे ले जाया जा सकता है। इस पर भी मंथन हुआ। इसमें रोजगार के नए अवसरों का सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अस्पताल और परिवहन के क्षेत्रों में संभावित कार्यों पर विचार किया गया। शहर के एबी रोड पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए नए विकल्प तलाशने और विकास के विजन को तैयार करने पर भी जोर दिया। शुक्ला ने कहा कि,



आईडीए के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जाए ताकि शहर की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। बैठक में यह विचार-विमर्श हुआ कि इंदौर को कैसे देश के शीर्ष 10 शहरों की सूची में शामिल किया जाए। इस अवसर पर कमिश्नर और आईडीए अध्यक्ष दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह और वास्तुविद हितेंद्र मेहता मौजूद रहे।

# संभागायुक्त और आईजी ने महेश्वर में आयोजित केबिनेट बैठक को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

### अधिकारियों के साथ चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर खरगोन जिले के धार्मिक एवं पर्यटन नगरी महेश्वर में 24 जनवरी को केबिनेट बैठक का आयोजन होना है। इस बैठक के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी सिलसिले में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने महेश्वर में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की और केबिनेट के भ्रमण एवं बैठक स्थल तथा मण्डलेश्वर के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। बैठक में विधायक श्री राजकुमार मेव, डीआईजी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रो एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में बताया गया कि केबिनेट बैठक के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री मण्डल के सदस्य महेश्वर पहुंचेंगे। इस बैठक के लिए मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी खरगोन पहुंचेंगे। केबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री मण्डल के सदस्य महेश्वर किले में पहुंचकर राजगादी और देवी अहिल्या की प्रतिमा का दर्शन करेंगे। इसके पश्चात अहिल्या घाट पहुंचकर मॉं नर्मदा की पूजा अर्चना की जाएगी और मॉं नर्मदा को चुनरी अर्पण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री एवं मंत्री मण्डल के सदस्य केबिनेट बैठक के लिए अहिल्या घाट से जयस्तंभ चौक होते हुए एम.पी.टी. के होटल नर्मदा रिट्रिट पहुंचेंगे। केबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मण्डलेश्वर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मण्डलेश्वर में माधव आश्रम न्यास गौशाला भी जाएंगे।

### महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का होगा शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जनवरी को मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में 774 करोड़ रुपये की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना से खरगोन जिले के महेश्वर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और किसानों को लाभ होगा। इस योजना से धार एवं इंदौर जिले के किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। यह योजना खरगोन जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस योजना से खरगोन जिले की महेश्वर तहसील, इंदौर जिले की महू तहसील एवं धार जिले की पीथमपुर तहसील के कुल 123 गांवों में सिंचाई के लिए नर्मदा नदी का पानी पहुंचेगा। बैठक में केबिनेट बैठक के लिए मंत्रीगणों के आगमन, सुरक्षा, वाहन पार्किंग, ठहरने की व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और तय किया गया कि सभी कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार संपन्न हो। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि अहिल्या घाट पर नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए और उसे स्वच्छ बनाएं रखा जाए। जिस समय मुख्यमंत्री एवं मंत्री मण्डल के सदस्य अहिल्या घाट पहुंचेंगे, उस समय किले एवं घाट पर आमजन का आना रोक दिया जाए। मुख्यमंत्री एवं मंत्री मण्डल के सदस्य जिस मार्ग से गुजरेंगे उस पर सुगम यातायात की व्यवस्था की जाए। महेश्वर में इस गौरवपूर्ण आयोजन को देखते हुए आमजन भी इससे उत्साहित हो, इसके लिए मंत्री मण्डल सदस्यों के गुजरने वाले रास्ते पर नागरिक सजावट आदि करें।

## भाजपा नेता चंद्रकांत कुंजीर को मराठा गौरव रत्न सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में आयोजित एक विशेष समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी चंद्रकांत कुंजीर को प्रतिष्ठित 'मराठा गौरव रत्न' सम्मान से नवाजा गया। संत अण्णा जी महाराज और संत विवेक बर्वे गुरुजी ने उन्हें शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र प्रदान किया।**

इस अवसर पर जिजाऊ ब्रिगेड महिला मंडल प्रदेश इकाई, क्षत्रिय मराठा समाज इंदौर, मध्य प्रदेश क्षत्रिय मराठा समाज, अखिल भारतीय क्षत्रिय मराठा फाउंडेशन, मध्य प्रदेश इकाई राष्ट्रीय क्षत्रिय जनसंसद और राजे संघटन सहित कई प्रमुख संस्थाओं ने भी उनका सम्मान किया। सांई बाबा के भक्त कुंजीर ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह सम्मान उनके जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी है। उन्होंने विनम्रता से स्वीकार किया कि उनकी वर्तमान स्थिति में समाज का बड़ा योगदान है और इस सम्मान को पाकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह सम्मान मराठा समाज के प्रति उनकी निरंतर सेवा और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर इंदूर परस्पर बैंक के अध्यक्ष संतोष देशमुख, रामचंद्र जाधव, संजय शिंदे भाऊ, नीलिमा सतीश पवार,स्वाति मोहिते, पुंडलिक राव शिंदे,विजय डाफल, मिलिंद दिघे,चंद्रूराव शिंदे, सुबोध कांटे अशोक आमनापुरकर,प्रभाकर चौखंडे,गिरीश चव्हाण,दिलीप सूर्यवंशी, हेमंत जाधव, प्रमोद गोरे,सुनीता संतोष चोखंडे, शरद पवार संग्राम सिंह भोसले सहित बड़ी संख्या में समाजजन मोजूद थे।

## खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी मेला 17 जनवरी से, महाकाल की तर्ज पर होंगे दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में 17 से 19 जनवरी तक चलने वाले परंपरागत तिल चतुर्थी मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मेले का शुभारंभ 17 जनवरी को सुबह 10 बजे कलेक्टर आशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा की उपस्थिति में ध्वजा पूजन के साथ होगा।

श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल ने इस अवसर पर सवा लाख तिल-गुड़ के लड्डुओं का निर्माण किया है। 11 जनवरी से शुरू हुआ लड्डू निर्माण कार्य मंदिर की भोजनशाला में पूरा कर लिया गया है। पुजारी पं. मोहन भट्ट और पं. अशोक भट्ट के सानिध्य में रात्रि 12 बजे इन लड्डुओं को गणेशजी को समर्पित कर दिया गया। मंदिर प्रबंधक गौरीशंकर मिश्र के अनुसार, कार्यक्रम में विशेष अतिथियों द्वारा गणेशजी को स्वर्ण मुकुट और अन्य स्वर्ण आभूषण पहनाए जाएंगे। भोग लगाने के बाद लड्डुओं का वितरण भक्तों में किया जाएगा। भक्तों की सुविधा के लिए महाकाल मंदिर की तर्ज पर दर्शन व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें 30 मिनट से अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।



मेले के दौरान 18 जनवरी को गणेशजी को गोंद के लड्डुओं का और 19 जनवरी को उड़द के लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया और पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## 14 टंकियों में पानी की आपूर्ति होगी प्रभावित

इंदौर। रालामंडल बायपास पर 1900 मि.मी व्यास की एम.एस.पाइन लाइन में हुए लीकेज के कारण शुक्रवार को भी कई जगह पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि, 14 जनवरी को ये लीकेज हुआ था। यह लीकेज उस जगह हुआ, जहां अंडर पास निर्माण का काम चल रहा है। ब्रिज निर्माण के कारण ट्रैफिक का ज्यादा दबाव पाइन लाइन पर था। इस समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक को डायवर्ट करने का निर्णय लिया। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया। गुरुवार की सुबह तक यह काम पूरा हुआ। इन टंकियों में रहेगी आपूर्ति प्रभावित-सिलिकॉन सिटी, स्कीम नंबर 140, कृषि नगर, रेडियो कॉलोनी, भूरी टेकरी, मित्र बंधु नगर, सर्व सुविधा नगर, तपेश्वरी, हारून कॉलोनी, खजराना, स्कीम नंबर 134, सांई कृपा, समर पार्क, बिचौली मर्दाना।

### डोर से छात्र की मौत का मामला

## लापरवाही बरतने पर टीआई और दो पुलिसकर्मियों पर अर्थदंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के फूटी कोठी चौराहे पर मंगलवार शाम मांझे की डोर से छात्र की मौत हो गई। इस मामले में बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने चायना की डोर बयान में नहीं लिखने को लेकर शव को थाने के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। छात्र के परिजन ने आरोप लगाया कि टीआई और स्टाफ ने मोबाइल से वीडियो डिलीट कर दिया। इस मामले में डीसीपी ने जांच में लापरवाही करने को लेकर टीआई और दो पुलिसकर्मियों पर अर्थदंड किया है। जोन 4 डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने छात्र हिमांशु सोलंकी की मौत को लेकर उसके परिजनों के द्वारा पुलिस पर लगाए वीडियो डिलीट के आरोप के मामले में द्वारकापुरी टीआई आशीष स्प्रे पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया है। वहीं एचसीपीएच प्रताप पटेल और एसआई कमलेश डाबर पर 1-1 हजार रुपए का अर्थदंड किया है। इस मामले की डीसीपी ने पुष्टि की है।

### बॉलीवुड सेलेब्स होंगे शामिल, 100 से ज्यादा भक्त लेंगे नेत्रदान का संकल्प

# गजासीन शनिदेव का 14वां स्थापना महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उषानगर स्थित गजासीन शनि धाम में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय विशेष आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान भगवान गजासीन शनिदेव का 14वां स्थापना महोत्सव और महामंडलेश्वर दादू महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष के महोत्सव में मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री से कई प्रमुख हस्तियां शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में विदेशों से आए भक्त भी शामिल होंगे। साथ ही, कई मंत्री, सांसद और विधायक भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।**

महोत्सव का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण यह है कि 100 से अधिक श्रद्धालु महामंडलेश्वर दादू महाराज के जन्मदिन के अवसर पर नेत्रदान का संकल्प लेंगे और इसके लिए औपचारिक फॉर्म भी भरेंगे। यह पहल समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

धाम के मीडिया प्रभारी रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि शनि धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर दादू महाराज के सानिध्य में 17 जनवरी को प्रातः 8 बजे से शनिदेव का विभिन्न पवित्र नदियों के जल व तेल के साथ एवं शनि बीज मंत्रों के उच्चारण के साथ किया जाएगा। सुबह 9 से 11 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रमुख बीमारियों की विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शाम 5 बजे से मुख्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें विशेष रूप से मुम्बई के बॉलीवुड जगत के साथ देश की प्रसिद्ध सेलिब्रिटीज का आगमन होगा जो अपने गुरुजी दादू महाराज का जन्मोत्सव मनाएंगे। रात्रि 8 बजे प्रभु शनिदेव को 56 भोग लगाया जाएगा साथ ही महाआरती की जाएगी तत्पश्चात राष्ट्र संत महामंडलेश्वर श्री दादू महाराज का जन्मोत्सव प्रारंभ किया जाएगा, जो कि हर बार कि तरह देर रात्रि तक मनाया जाएगा। 18 जनवरी सुबह 9 बजे से श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ प्रारंभ होगा। दुबई से पीयूष व्यास, अहमदाबाद, भोपाल, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी भक्त शामिल होंगे।

### 17 जनवरी मुख्य समारोह में शामिल होने वाली हस्तियां

1. दूरदर्शन चैनल प्रसिद्ध श्री कृष्ण सीरियल में सुदामा का चरित्र निभाने वाले, वही शिर्डी के साईं बाबा सीरियल में साईं बाबा का रोल निभाने वाले, सीरियल ब्योमकेश बक्शी, गंगाजल, अपहरण, कंपनी, आन, कालचक्र, सहित अनेक फिल्मों से लोकप्रिय अभिनेता मुकुल नाग



2. फिल्म चीनी कम में अमिताभ बच्चन और तब्बू के साथ जाफरानी पुलाव खिलाने वाले, सोनी सब चैनल का प्रसिद्ध सीरियल लापतागंज, लेडीज टेलर, संघर्ष, अकीरा, मिशन मंगल फिल्मों से प्रसिद्ध अभिनेता कृष्णा भट्ट
3. बालाजी टेली फिल्म प्रोडक्शन की नागिन सीरियल के सभी एपिसोड, सीआईडी , जोधा अकबर सहित 100 से अधिक सीरियल के दिग्गज निर्देशक रंजन कुमार सिंह
4. देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, करोड़पति बनने के गुण सिखाने वाले अमेजॉन बेस्ट बूक सेलिंग लेखक भूपेंद्र सिंह राठौर (बीएसआर)
5. स्टैंड अप कॉमेडियन, कपिल शर्मा शो, कॉमेडी सर्कस, वीर-जारा, शी... कोई है, मानसून शूट आउट सहित 35 फिल्मों से प्रसिद्ध अभिनेता बनवारी लाल
6. पुणे महाराष्ट्र से कुशल वक्ता जो देश में अनेक अवॉर्ड शो सफलतापूर्वक करके धूम मचा चुके डॉक्टर विजय बजाज साहेब
8. क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया, परिणीति, कुंडली भाग्य, सपने सुहाने लड़कपन के, सबका सपना मनी मनी जैसे सीरियलों से लोकप्रिय हुए अभिनेता अर्पित शर्मा
9.वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षा दान अभियान मुम्बई के अध्यक्ष, देश विदेश में 100 अवॉर्ड शो करके प्रसिद्ध निर्देशक राजेश श्रीवास्तव
10. भावनगर गुजरात से पूरे देश में मंकी मैन के नाम से प्रसिद्ध, इंस्टाग्राम पर फॉलोवर की भीड़, युवा अभिनेता जैकी वाधवानी
11. विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल दतिया से
12. सूरत गुजरात से तीन बार वर्ल्ड रिकार्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट, दो थार गाड़ी 3600 किलो वजन की खींचने वाले देश के प्रसिद्ध स्टंट मैन राकेश सैनी
13. छिंदवाड़ा से प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक, लेखक, शायर आनंद बक्षी
14. गोल्डन मैन के नाम से देश में मशहूर वीरेंद्र लालावत जो अपने शरीर पर हमेशा कई किलो सोना पहनते हैं

# मध्यप्रदेश 'कल्चरल स्टेट', यह संस्कृति से भीगा हुआ है : कैलाश खेर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की धरती और पूरा मध्यप्रदेश, जिसे मैं 'कल्चरल स्टेट' कहता हूं, यह संस्कृति से भीगा हुआ है। यहां की मानवता और संस्कारिता अलग दिखती है।**

यह बात कैलाश खेर ने कही। गुरुवार को पद्मश्री गायक कैलाश खेर इंदौर आए। यहां वह मीडिया से रुबरू हुए। दरअसल, कैलाश खेर का महाराष्ट्र में कॉन्सर्ट है, जिसके लिए वे बाय फ्लाइट इंदौर आए थे। मीडिया से बातचीत के बाद वो यहां से बाय रोड महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए। इंदौर में खेर ने कहा कि 'महाकुंभ संगम' हमारा नया गाना है, जो हर जगह ट्रेंड कर रहा है। कैलाश खेर ने कहा, 'संगीत सिर्फ मनोरंजन नहीं होता, यह लोगों के हृदय और मन को बदलने की ताकत रखता है। धीरे-धीरे लोग संगीत की इस विशेषता को समझने लगे हैं। ट्रांसप्लांट के बाद भी, जब लोगों में दुख व्याप्त रहता है, तब संगीत उन्हें सहारा



देता है। संगीत आपको ध्यानस्थ रखता है। हमारे गाने पर लाखों लोग रील बना रहे हैं।' उन्होंने अपने नए गाने 'चलो कुंभ चले, चलो कुंभ चले' को गाकर भी सुनाया। उन्होंने कहा, 'जितनी भी संतवाणी है, हमारे जितने भी बड़े-बड़े संत हुए हैं, उनका यही संदेश है कि चलते चलो, चलते चलो। महाकुंभ की यात्रा विशेष इसलिए है क्योंकि जब हमारे विशेष ग्रह अपनी विशेष स्थिति में होते हैं, सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और सभी ग्रह अपनी-अपनी विशेष स्थिति में आते हैं, तो ऊर्जा का संचार होता है।' उन्होंने कहा, 'यह ऊर्जा न केवल शरीर और स्वास्थ्य के लिए बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने में भी सहायक होती है। इस ऊर्जा में रहकर जब आप स्नान करते हैं, तो जल भी संचारित होता है। इसे हम 'चार्ज' कहते हैं। गंगाजी और यमुनाजी भी इस ऊर्जा से चार्ज होती हैं। उसमें डुबकी लगाने से आप चार्ज हो जाते हैं। पाप से मुक्ति का मतलब है कि आप तन, मन, बुद्धि और आत्मा से शुद्ध हो जाते हैं। जब मन एकाग्र होता है, तो आप पाप नहीं, बल्कि पुण्य करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आपके मन को बदलने के लिए परमात्मा की ऐसी ऊर्जा संचारित होती है कि आप पावन अवसर पर इकट्ठे होकर स्नान करते हैं, ध्यान करते हैं, अनुष्ठान करते हैं और दान करते हैं। यही हमारी परंपरा और संस्कृति है। इस बार का महाकुंभ विशेष इसलिए है क्योंकि 144 साल बाद यह घड़ी आई है, जिसमें हम सभी को परमात्मा की अनुकंपा प्राप्त हुई है।' उन्होंने कहा, 'आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। इतना बड़ा उत्सव हो रहा है। करोड़ों लोग रोज डुबकी लगा रहे हैं। भारत को भाग्य और सौभाग्य के लिए जाना जाता है।'

# कोबरा से भी ज्यादा जहरीले सांप का रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के निपानिया में कोबरा से भी ज्यादा जहरीला सांप आ गया। घर के पोर्च में वह गमले के पास बैठा था। जिसे देख परिवार घबरा गया। ये सांप रसेल वाइपर था, जो कोबरा से भी ज्यादा जहरीला होता है। रात में उसका रेस्क्यू हो सका। सांप को तुरंत ही जंगल में भी छोड़ दिया गया। सर्प मित्र महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि, निपानिया के घर में रसेल वाइपर सांप होने की सूचना मिली। वे मौके पर पहुंचे। जहां सांप घर के बरामदे (पोर्च) में गमले के पास छिप कर बैठा था। परिवार की नजर पड़ी तो उन्होंने उसे देख लिया। कॉल पर



उन्हें यही सलाह दी गई है कि वे सांप से दूरी बनाकर रखे और उस पर नजर रखे क्योंकि ये सांप कोबरा से भी ज्यादा जहरीला होता है। महेंद्र मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने करीब ढाई फीट लंबे रसल वाइपर सांप को देखा। इसके बाद स्टीक की मदद से सावधानी से उसे गमले के पास से बाहर निकाला और उसे प्लास्टिक के जार में बंद किया। सर्प मित्र महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि रसल वाइपर सांप कोबरा से भी ज्यादा जहरीला होता है। ये जल्द ही डिफेंस में आ जाता है। इसलिए इसे पकड़ने में ज्यादा सावधानी बरतना पड़ती है। जहां से ये सांप पकड़ा गया वहां आसपास खुला इलाका है। संभवतः वह बाहर से ही घर में छिपने के लिए आया होगा। हालांकि इनकी मूवमेंट ठंड में ज्यादा बढ़ जाती है।

# गुमास्ता नगर और पंचकुइयां क्षेत्र में मिलेगी बेहतर बिजली सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (RDSS) के तहत इंदौर शहर में चार स्थानों पर 33/11 केवी के ग्रिड बन चुके हैं और दो और ग्रिड धार रोड ग्रीन पार्क और पंचकुइयां के पास सुलकाखेड़ी में तैयार हो रहे हैं। इन दोनों निर्माणाधीन ग्रिडों का निरीक्षण मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, इंदौर की प्रबंध निदेशक (एमडी) रजनी सिंह ने किया।

इस दौरान रजनी सिंह ने कहा कि, इन ग्रिडों का समय पर निर्माण पूरा किया जाए और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इन नए ग्रिडों से गुमास्ता नगर, सिरपुर, धार रोड, चंदन नगर, नगीन नगर, कालानी नगर, पंचकुइयां क्षेत्र, जय भवानी नगर जैसे हजारों उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की सुविधा मिलेगी। 5-5 एमवीए क्षमता के इन ग्रिडों की लागत ढाई- ढाई करोड़ रुपए है। निरीक्षण के दौरान रजनी सिंह ने अधिकारियों और ग्रिड निर्माण करने वाली एजेंसी के पदाधिकारियों से चर्चा की और कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि, इंदौर महानगर में पिछले साल तक 33/11 केवी के कुल 128 ग्रिड थे। आरडीएसएस के तहत चार नए ग्रिड क्रमशः बिलावली, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास, देवास नाका और रसोमा क्षेत्र में बनाए गए, जिनसे अभी बिजली आपूर्ति की जा रही है। अब दो अन्य ग्रिड ग्रीन पार्क और पंचकुईयां के पास सुलकाखेड़ी में तैयार हो रहे हैं।

# शहडोल में मिले 32 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 30000 से अधिक को मिलेगा रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल में आयोजित प्रदेश की सातवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान 32 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों के स्थापित होने से 30 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। यह प्रस्ताव खनिज, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, स्टील प्लांट, कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्रों से संबंधित है।

कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शहडोल क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की अपार संभावनाएं हैं। यह उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से समीप है। शहडोल, खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसमें कोयला, बॉक्साइट, फायर क्ले और ग्रेनाइट प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहां की वन संपदा और जैव विविधता इसे वन आधारित उद्योगों और औषधीय उत्पादों का प्रमुख केंद्र बनाती है। पर्यटन की दृष्टि से अमरकंटक नर्मदा और सोन नदियों का उद्गम स्थल है। धार्मिक और प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र है। उमरिया जिले में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, सरसी आइलैंड पर्यटकों को आकर्षित करता है, आज आयोजित इस कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ किए गए संवाद से यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।




## पांच हजार से ज्यादा उद्यमी हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्थानीय एमएसएमई को बड़े उद्योगों के साथ साझेदारी करने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी वृद्धि को बल मिलेगा एवं कुटीर ग्रामोद्योग को भी इकोसिस्टम में जुड़ने का अवसर मिलेगा। कॉन्क्लेव में 5 हजार से अधिक लोगों ने सहभागिता की। 50 से अधिक विशिष्ठ अतिथि तथा 3 हजार से अधिक एमएसएमई प्रतिभागियों ने भागीदारी की। जिनमें से अधिकांश ऊर्जा, खनिज, कृषि, उद्यानिकी, साथ प्रसंस्करण एवं पर्यटन क्षेत्र के उद्योगपति हैं।

## 15 उद्योगपतियों से सीएम ने किया वन टू वन

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 15 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठक की गई। जिसमे टोरेंट पावर रिलायंस शारदा एनपीजेएमएस माइनिंग बजरंग पावर एक इस्पात आदि प्रमुख उद्योगपति शामिल रहे।

## 431 एकड़ भूमि का किया आवंटन

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल में 102 इकाइयों को 431 एकड़ भूमि आवंटित की गई, जिसमें 3561 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश एवं सैकड़ों व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 30 इकाइयों के भूमिपूजन-लोकार्पण किए गए। इसमें लगभग 572 करोड़ के प्रस्तावित निवेश और लगभग 2 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार सृजित होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन चन्नौडी का लोकार्पण राशि 93.40 लाख, औद्योगिक पार्क गोहपारू (दियापीपर) शहडोल का भूमिपूजन किया। यह 16.13 करोड़ रुपये की लागत से 51 हेक्टेयर भूमि में विकसित किया जाएगा। तीन नए औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाएंगे सीएम ने शहडोल में 3 नए औद्योगिक क्षेत्र बनाने की घोषणा की है। इसमें जिला शहडोल के ब्यौहारी तहसील, मऊ ग्राम में 37 एकड़ क्षेत्रफल, जिला उमरिया के चंदिया तहसील, लोढ़ा में 12 एकड़ क्षेत्रफल, जिला अनूपपुर के बड़गांव ग्राम में 11 एकड़ क्षेत्रफल में नवीन औद्योगिक क्षेत्र शामिल है।

## इंजिनियरिंग कॉलेज में बढ़ाए जाएंगे पाठ्यक्रम

साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल में स्नातक स्तर का बीटेक पाठ्यक्रम, आगामी सत्र से कंप्यूटर साइंस में नई टेक्नोलॉजी एआईएमएल, आईओटी, ड्रोन आदि का समावेश करने, स्नातकोचर स्तर का एमटेक पार्टटाइम पाठ्यक्रम, माइनिंग इंजीनियरिंग भी इसी सत्र से प्रारंभ करने की घोषणा की है। इसके साथ ही सेंट्रल वर्कशॉप, ट्रॉसिट, हॉस्टल एवं स्पोर्ट्स ग्राउंड भी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में विकसित करने एवं शहडोल रिंग रोड के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री का समारोह स्थल में परंपरागत लोक नृत्य गुदुम बाजा से स्वागत किया गया। समारोह में सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकारण रामलाल रौतेल, अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर शहडोल सुरभि गुप्ता, कलेक्टर शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर तथा बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे।

# उज्जैन-रतलाम में स्कूलों में दो दिन छुट्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गुरुवार को भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहा। ग्वालियर-चंबल अंचल समेत कई जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया। मुरैना और श्योपुर में तो बारिश हुई है। गुरुवार को इंदौर समेत कई जिलों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खजुराहो में दिन का तापमान 16 डिग्री, शिवपुरी में 17 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.5 डिग्री, रतलाम में 19.5 डिग्री, गुना में 19.6 डिग्री, रायसेन और सतना में 21.2 डिग्री, धार और रीवा में 21.4 डिग्री, सीधी में 22.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 23.2 डिग्री, मलाजखंड में 23.5 डिग्री और सागर में 23.8 डिग्री पारा रहा। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 18.6 डिग्री पहुंच गया। भोपाल में 23.4 डिग्री, इंदौर में 22.6 डिग्री, उज्जैन में 20.4 डिग्री और जबलपुर में तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया। उज्जैन में कड़ाके की ठंड के चलते 17 जनवरी को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी प्राइवेट, सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। रतलाम जिले में प्रशासन ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए 17 और 18 जनवरी को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की है।आगर मालवा में भी प्रशासन ने नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में 17 से 18 जनवरी तक दो दिन की छुट्टी घोषित की है। शाजापुर जिले में भी 17 जनवरी को नर्सरी से 8वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

# रील बना रहे युवकों की कार हवा में उछलकर नहर में गिरी, दो की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में गुरुवार को रील बनाने के दौरान एक तेज रफ्तार कार के नहर में गिरने से दो दोस्तों की मौत हो गई, एक अन्य घायल हुआ है। कोलार क्षेत्र के इनायतपुर गांव में कार में सवार छात्र चलती गाड़ी के गेट से बाहर निकलकर रील बना रहे थे। इस दौरान कार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पुल से नीचे नहर में जा गिरी।

बुधवार रात कोलार रोड पर एक युवक तेज रफ्तार में कार चलाते हुए रील बना रहा था। उसका एक हाथ स्टेयरिंग पर था और दूसरे हाथ में मोबाइल था, तभी इनायतपुर पुल का संकरा रोड सामने आया और बेकाबू कार पुल पर लगे बैरिकेड्स गिराते हुए किसी फिल्मी सीन की तरह हवा में उड़ी और फिर पेड़ों से टकराते हुए 50 मीटर दूर केरवा नदी में जा गिरी। हादसे में कार चालक 22 वर्षीय विनीत दाक्षा और कार में उसके साथ आगे बैठे 25 वर्षीय पलाश गायकवाड़ की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे 24 वर्षीय पीयूष गजभिये घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल का इलाज जारी है। कोलार थाना प्रभारी संजय सोनी के अनुसार शाहपुरा निवासी विनीत और कोलार निवासी पलाश पीडब्ल्यूडी में कर्मचारी थे। दोनों के पिता की मृत्यु के बाद उन्हें अनुंकपा नियुक्ति मिली थी। वहीं पलाश का दोस्त पीयूष भी कोलार में रहता है और बैंगलोर में इंजीनियर है। बुधवार रात करीब नौ बजे तीनों अपने घरों में पार्टी का बोलकर निकले थे। वे कजलीखेड़ा के पास किसी ढाबे पर पार्टी कर घर लौट रहे थे। रात पौने बारह कार चलाते हुए विनीत मोबाइल में रील बना रहा था, तभी दृष्टि सिटी के सामने बने पुल के साइड में कार घुसकर नदी में गिर गई।



# तिलवारा में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर जिले के तिलवारा थाना अंतर्गत ग्राम घंसौर में भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसे की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए।**

थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि सिवनी घूमा थाना अंतर्गत ग्राम रायसोर निवासी रंजीत कुलस्ते (20) और उसका साथी राम भरोसे ठाकुर (22) तिलवारा घाट मेले में घूमने आए थे। मेला समाप्त होने के बाद रात करीब 8 बजे दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। ग्राम घंसौर के पास सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर लक्ष्मण (19) और संदीप उइके (19), दोनों निवासी ग्राम जोधपुर पड़ाव, सवार थे।

दोनों मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार में थीं, जिससे टकराव इतना भीषण हुआ कि चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने रंजीत कुलस्ते, लक्ष्मण और संदीप को मृत घोषित कर दिया। घायल राम भरोसे ठाकुर की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया। दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर की वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है। घटना ने क्षेत्रवासियों को झकझोर कर रख दिया है।

# स्कूल से बचने के लिए झूठी अपहरण की कहानी गढ़ी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, खंडवा।** खंडवा में दो बच्चियों ने स्कूल जाने से बचने के लिए खुद की झूठी अपहरण की कहानी रची। पदम नगर की रहने वाली दूसरी और 7वीं क्लास की दो बहने गुरुवार सुबह स्कूल के लिए निकली थी। थोड़ी देर बाद दोनों बहनों ने घर आकर पेरेंट्स को बताया कि दो बाइक सवार लोगों ने अपहरण करने की कोशिश की। बच्चियों ने पेरेंट्स से कहा कि दो बाइक सवार बदमाश आए थे। हमें बोरे में भरकर ले जा रहे थे, लेकिन हम दोनों बहनों ने साहस दिखाया और बदमाशों को पत्थर मारकर भगा दिया। पेरेंट्स ने इस मामले के बारे पुलिस को जानकारी दी। दो बच्चियों ने पुलिस को भी यही कहानी बताई। जिसपर पुलिस को भी भरोसा हो गया। जांच में जुटी पुलिस ने लगातार बच्चियों से पूछताछ की, वह बार-बार यहीं कहने लगी कि उनका अपहरण करने की कोशिश की गई। पुलिस ने बताए गए घटनास्थल सहित अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाले, इनमें सिर्फ बच्चियों का ही मूवमेंट देखा गया। जिसके बाद पुलिस ने काउंसिलिंग के लिए बाल कल्याण समिति की मदद ली।

# संपादकीय

## 8वें वेतन आयोग की मंजूरी... एक तीर से कई निशाने

केंद्रीय कर्मचारियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म होता दिख रहा है। दिल्ली चुनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8वें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसकी अवधि 2026 में समाप्त हो रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से करीब 48.62 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 67.85 लाख पेंशनरों को फायदा मिलेगा। दिल्ली में 5 फरवरी को चुनाव होने वाला है। ऐसे में केंद्र के इस फैसले को चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारों की मानें तो केंद्र सरकार ने बीजेपी के लिए काफी अहम माने जा रहे चुनाव से पहले बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कर्मचारी को इस घोषणा का लंबे समय से इंतजार था। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले इसे बीजेपी का बड़ा दांव भी बताया जा रहा है। जानकारों के अनुसार दिल्ली में केंद्रीय कर्मचारियों की अच्छी खासी संख्या है। ऐसे में इस घोषणा से पार्टी चुनाव में निश्चित रूप से इस घोषणा के वोट में बदलने की उम्मीद लगा रही है। केंद्रीय कर्मचारियों के लिहाज से दिल्ली की तीन विधानसभा काफी अहम है। इसमें नई दिल्ली, दिल्ली कैंट और आरके पुरम सीट शामिल हैं। इन इलाकों में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अलग-अलग कर्मचारी रहते हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव में भले ही बीजेपी ने सभी सात सीट पर जीत हासिल की थी लेकिन इस चुनाव से एक खास संकेत मिला था। नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज ने चुनाव जीता था लेकिन सरकारी कर्मचारियों की अधिकता वाली विधानसभा में वह पिछड़ गई थीं। नई दिल्ली लोकसभा सीट में 10 विधानसभा सीट आती हैं। बांसुरी स्वराज कुल 10 में केंद्रीय कर्मचारियों की अधिकता वाली तीनों सीटों पर पीछे रही थीं। नई दिल्ली सीट पर बांसुरी 2200 वोटों से पीछे रही थीं। दिल्ली कैंट में यह अंतर 1200 वोट का था। वहीं, आरके पुरम में भी वह 900 वोटों से पीछे रही थीं। राजनीतिक विश्लेषक केंद्र सरकार की इस घोषणा को नई दिल्ली सीट से जोड़कर भी देख रहे हैं। दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की सबसे अधिक संख्या नई दिल्ली सीट पर ही है। ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों की इस घोषणा को नई दिल्ली सीट पर भी बीजेपी बढ़त लेने की उम्मीद लगा रही है। नई दिल्ली सीट से पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं। यहां अरविंद केजरीवाल का मुकाबला बीजेपी के पूर्व सांसद रहे प्रवेश वर्मा से हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*मोहब्बत, हिज्र, नफ़रत*
*मिल चुकी है*
*मैं तक़रीबन मुकम्मल*
*हो चुका हूँ*

-नदीम भाभा

## महिला जगत

### महिला नागा साधुओं की रहस्यमयी दुनिया जानें

# कैसी बनती हैं महिला नागा साधु

## पीरियड्स में इनके लिए क्या हैं गंगा स्नान के नियम



महाकुंभ में नागा साधु हमेशा से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचते हैं। नागा साधुओं की विचित्र दुनिया ज्यादातर लोगों के लिए चर्चा का विषय है क्योंकि सांसरिक मोह माया को त्याग चुके नागा साधु एक अलग तरह का जीवन जीते हैं। नागा साधु 17 श्रृंगार करके शिव भक्ति में लीन रहते हैं। नागा साधुओं के बारे में तो लोग फिर भी कुछ जानकारी रखते हैं लेकिन क्या आप महिला नागा साधुओं की रहस्यमय दुनिया के बारे में जानते हैं? आइए, जानते हैं महिला नागा साधुओं के रहस्यमय संसार के बारे में।

### नागा साधुओं से अलग होता है महिला नागा साधुओं का जीवन

पुरुष नागा साधुओं से इनका जीवन अलग होता है। महिला नागा साधु सांसारिक जीवन छोड़कर आध्यात्मिक जीवन अपना लेती हैं। ये गृहस्थ जीवन त्याग देती हैं। इनका दिन पूजा-पाठ से शुरू और खत्म होता है। महिला नागा साधु शिव और पार्वती के अलावा माता काली की भक्त भी मानी जाती हैं। पूजा-पाठ इनके जीवन का मुख्य आधार है। कई चुनौतियों का सामना इनको करना पड़ता है।

### महिला नागा साधु बनने से पहले ही 10-15 साल का कठोर ब्रह्मचर्य अनिवार्य

महिलाओं के लिए नागा साधु बनने का रास्ता बेहद कठिन है। इसमें 10 से 15 साल तक कठोर ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना पड़ता है। गुरु को अपनी योग्यता और ईश्वर के प्रति समर्पण का प्रमाण देना होता है। महिला नागा साधुओं को जीवित रहते हुए अपना पिंडदान और मुंडन भी अनिवार्य है। नागा साधु बनने की प्रक्रिया में महिलाओं को कई कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।

### महिला नागा साधुओं को माता कहकर करते हैं संबोधित

महिला नागा साधु बनने के बा, सभी साधु-साध्वियां उन्हें आदर से 'माता' कहती हैं। पुरुष नागा साधुओं में दो प्रकार होते हैं वस्त्रधारी और दिगंबर। यह उनका चयन होता है कि उन्हें शरीर पर कुछ वस्त्र धारण करना है या फिर पूरी तरह से निर्वस्त्र ही रहना है लेकिन महिला नागा साधुओं के लिए यह नियम है कि उन्हें केसरिया वस्त्र धारण करना ही होगा। वे दिगंबर नहीं रह सकतीं। कुंभ के दौरान महिला नागा साधुओं के लिए माई बाड़ा बनाया जाता है, जिनमें सभी महिला नागा साधु माताएं रहती हैं।

### पुरुष नागा साधुओं की तरह निर्वस्त्र नहीं रहतीं महिला नागा साधु

जिस तरह पुरुष नागा साधु निर्वस्त्र रहते हैं। उस तरह महिला नागा साधुओं के लिए निर्वस्त्र रहने का नियम नहीं है। महिला नागा साधु दिगंबर (बिना वस्त्र के) नहीं रहतीं बल्कि वे केसरिया वस्त्र पहनती हैं। यह वस्त्र सिला हुआ नहीं होता। यह रंग उनकी धार्मिक आस्था का प्रतीक है। केसरिया रंग के लंबे वस्त्र को महिला नागा साधु इस तरह से धारण करती हैं कि उनका पूरा शरीर ढक जाए।

### महिला नागा साधु क्या खाती हैं और क्या है दिनचर्या

एक नागा साधु की दिनचर्या आध्यात्मिक साधना से भरी होती है। वे सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर शिवजी का जाप करती हैं। दोपहर में भोजन के बाद फिर शिवजी का जाप करती हैं। शाम को दत्तात्रेय भगवान की आराधना करती हैं। उनका भोजन सादा है, जिसमें कंदमूल, फल, जड़ी-बूटी और विभिन्न प्रकार की पत्तियां शामिल होती हैं। महिला नागा साधु पूरी तरह से प्राकृतिक और बिना पका हुआ भोजन ही करती हैं।

### महिला नागा साधु के लिए पीरियड के दौरान गंगा स्नान का नियम

कुंभ मेले में महिला नागा साधु भी शामिल होती है। वे किसी भी अवस्था में दिगंबर नहीं रह सकतीं। महिला नागा साध्वियां केसरिया रंग के बिना सिले वस्त्र पहनती हैं। इस वस्त्र की वजह से वे पीरियड्स में भी एक छोटा वस्त्र बहाव के स्थान पर लगा लेती हैं। साथ ही पीरियड्स के दौरान, वह गंगा स्नान नहीं करतीं, बस गंगा जल छिड़क लेती हैं।



New Delhi

# भ्रष्टाचार है पेपर लीक, चकनाचूर हो जाते हैं छात्रों के सपने: CJI संजीव खन्ना



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना ने पेपर लीक मामलों को भ्रष्टाचार की कड़ी परिभाषा बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कृत्य अनगिनत छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं को तोड़ते हैं। ऐसी घटनाएं सार्वजनिक शिक्षा के अधिकार और नौकरी प्राप्ति की क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे भ्रष्टाचार के प्रत्येक उदाहरण से जनता का विश्वास घटता है।**

गुरुवार को लोकपाल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई खन्ना ने कहा, 'लोकपाल का गठन केवल भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान नहीं करता। इसके प्रभावी कामकाजी के लिए इसे केंद्रीय सतर्कता आयोग और अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल से काम करना होगा। समन्वित प्रयास ही भ्रष्टाचार से निपटने में सफलता दिला सकते हैं।'

योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ एक प्रभावी उपाय के रूप में कार्य करता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकपाल की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि वह जनता के विश्वास और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को कैसे सुनिश्चित करता है।

इस अवसर पर लोकपाल के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायधीश अजय मनिकराव खानविलकर ने कहा कि लोकपाल अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और प्रणालियों को लागू करने की दिशा में प्रयास कर रहा है। उन्होंने लोकपाल के कार्यों की दक्षता और प्रभावशीलता को सुधारने के लिए नए तकनीकी उपायों का उल्लेख किया।

New Delhi

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे ऑटो एक्सपो का उद्घाटन, इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाहनों की वैश्विक प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर के साथ नई गाड़ियों, कलपुर्जों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 100 से अधिक नई पेशकश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर चीज देखने को मिलेगी। यानी इसमें वाहन विनिर्माताओं के साथ-साथ कलपुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टायर और ऊर्जा भंडारण बनाने वालों से लेकर वाहन सॉफ्टवेयर कंपनियों के उत्पाद देखने को मिलेंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम, द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में ऑटो एक्सपो सज गया है। करीब दो लाख वर्ग मीटर के दायरे में फैले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दुनिया भर की नामचीन ऑटोमोटिव और मोबिलिटी कंपनियां शिरकत कर रही हैं।

Chhattisgarh

## बीजापुर में सुरक्षाबलों बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शव बरामद

**बीजापुर, (एजेंसी)** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबल के जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। यह संख्या और भी बढ़ सकती है।

बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अभी सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल थे। इनामी नक्सलियों के भी मारे



जाने की खबर है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ये एनकाउंटर किया है। घना जंगल होने की वजह से नक्सली भाग नहीं पाये। सभी जवान सुरक्षित बताये जा रहे हैं। 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस एनकाउंटर में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं। यह जवानों के वापस लौटने के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा।

Maharashtra

## बांद्रा स्टेशन के पास दिखा सैफ पर हमला करने वाला, घर से मिली पुश्तैनी तलवार... 35 टीमें जांच में जुटी



**मुंबई, (एजेंसी)** 16 जनवरी की रात को सैफ अली खान पर अटैक किया गया. एक अज्ञात शख्स चोरी करने के मकसद से सैफ-करीना के घर में दाखिल हुआ. हमलावर ने एक्टर पर चाकू से 6 बार वार किए. घायल हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया. जहां एक्टर की सर्जरी हुई. अब वो खतरे से बाहर हैं. लेकिन इस केस के आरोपी को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है.सैफ पर हमला करने वाले की धड़ पकड़ के लिए मुंबई पुलिस जांच में जुटी है. पुलिस ने भले ही आरोपी को ना पकड़ा हो लेकिन उसकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के जरिए हो गई है. अब इस मामले में लेटेस्ट अपडेट सामने आया है. मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध आरोपी हमला करने के बाद बांद्रा रेलवे स्टेशन के आसपास दिखाई दिया था. मुंबई पुलिस की टीमें पालघर जिले के वसई, नालासोपारा और अन्य इलाकों में हमलावर की तलाश कर रही है. सैफ पर हमला करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने कुल 35 टीम बनाई हैं. जिसमें 15 टीम मुंबई क्राइम ने और 20 टीम मुंबई की लोकल पुलिस ने बनाई है. इसके अलावा, सैफ अली खान के घर से मुंबई पुलिस ने एक पुरानी तलवार बरामद की है. पुलिस सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, यह तलवार पुरानी और पुश्तैनी लग रही है. जो सैफ अली खान के परिवार की हो सकती है. लेकिन अब तक इस बारे में उनके पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है.

खेल

# परिवार पर पाबंदी, एड शूट भी बैन... खिलाड़ियों की मौज हुई खत्म

### BCCI ने जारी किए 10 कड़े नियम; तोड़े तो लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने गुरुवार को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 'अनुशासन और एकजुटता' को बढ़ावा देने के लिए 10 सख्त नियम लागू किए हैं, जिसमें डोमेस्टिक क्रिकेट में खेलना अनिवार्य, टूर पर परिवार और निजी स्टाफ की मौजूदगी पर पाबंदी और सीरीज के दौरान पर्सनल एड शूट पर बैन जैसे कई नियम शामिल हैं। इनका पालन नहीं करने पर खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जाएगा जिसमें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से उनकी रिटेनर फीस में कटौती और इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में भाग लेने पर रोक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इन निर्देशों की घोषणा की गई है जिसके पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर सीरीज में वाइटवाश का



सामना करना पड़ा था।

बोर्ड ने विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ परिवारों के रहने के लिए केवल दो हफ्ते के टाइम पीरियड को मंजूरी दी है, इसके अलावा पर्सनल स्टाफ और एड फोटो शूट पर बैन लगाए हैं।

बोर्ड की नीति में कहा गया है, ''इसमें किसी भी एक्सेप्शन या बदलाव को चयन समिति के अध्यक्ष और मुख्य कोच से पहले से अप्रूव किया जाना चाहिए। इसका पालन नहीं करने पर बीसीसीआई द्वारा उचित समझी जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। ''

नीति में चेताया गया, ''इसके अलावा बीसीसीआई किसी खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिसमें संबंधित खिलाड़ी को आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों में भाग लेने से रोकना और बीसीसीआई के खिलाड़ी अनुबंध के अंतर्गत रिटेनर राशि या मैच फीस से कटौती करना शामिल हो सकता है। ''

इस डॉक्यूमेंट में यह भी कहा गया है कि अब से खिलाड़ियों को टूर के दौरान अलग से यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी साथ ही टूर या मैच के जल्दी समाप्त होने की स्थिति में उन्हें जल्दी नहीं जाने दिया जाएगा।

सिनेमा

## कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' पर पंजाब में बवाल, कैंसिल हुए शोज, सिनेमा हॉल के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा



कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' आज (17 जनवरी को) देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ, कुछ लोग सिनेमा लवर्स डे के मौके पर कंगना की 'इमरजेंसी' का लुत्फा उठा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, पंजाब में फिल्म की रिलीज पर बवाल मचा हुआ है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने पंजाब सरकार से पंजाब के सभी सिनेमा हॉल में फिल्म 'इमरजेंसी' पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने ये भी कहा है कि अगर फिल्म पंजाब में रिलीज हुई तो वे इसका कड़ा विरोध करेंगे। ऐसे में सिनेमा हॉल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। अमृतसर के एसएचओ बलजिंदर सिंह औलाख ने एएनआई से कहा, "एसजीपीसी द्वारा फिल्म 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग रोकने के आग्रह के बाद यहां (सिनेमा हॉल में) सुरक्षा बढ़ा दी गई है...हमने सिनेमा हॉल के मैनेजर से बात की है, उन्होंने कहा कि यहां पर 'इमरजेंसी' का आज कोई शो नहीं है, लेकिन फिर भी कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए हम यहां पर तैनात हैं।" एसजीपीसी के सदस्य अमृतसर में एक सिनेमा हॉल के बाहर एकत्रित होकर कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का विरोध कर रहे हैं।

## Highlights

1. **'Take it, how much will you eat,' say people as they throw cash at govt officer in Guj**
2. **Indian man sentenced to 8 yrs for crashing truck near White House**
3. **What happened in the 30 minutes after intruder entered Saif Ali Khan's house?**
4. **H'yana to provide free pilgrimage to Mahakumbh for senior citizens**

# Reliance Industries' Q3 net profit rises by 7.4% to ₹18,540 crore

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Limited (RIL) on Thursday reported a 7.4 per cent rise in its December quarter profit, PTI quoted the company filing.

The company reported a consolidated net profit of ₹18,540 crore, or ₹13.70 per share, in October-December the third quarter, more than the figure of ₹17,265 crore, or ₹12.76 a share, in the same period a year back, according to a stock exchange filing by the company.

Profit was also up sequentially from ₹16,563 crore in the July-September quarter, the report added.

The company's revenue from operations rose to ₹2.43 lakh crore from ₹2.27 lakh crore in October-December 2023.




Reliance Jio reports 24 per cent jump in Q3 net profit

In another development, Reliance Jio reported a 24 per cent jump in its October-December quarter net profit as average per-user revenue rose largely due to tariff hike, PTI reported.

Its standalone net profit of ₹6,477 crore in October-December 2024 compared to ₹5,208 crore in the same period a year back and ₹6,231 crore in the preceding July-September 2024 quarter, according to a stock exchange filing by the company.

Jio's revenue from operations was up at ₹29,307 crore from ₹25,368 crore in October-December 2023.

# Realme 14 Pro 5G and 14 Pro+ 5G launched in India: See price, colour-changing feature, specs, details

**NEW DEIHI, (Agency).** Realme launched the Realme 14 Pro series on Thursday, January 16, 2025. It claims to be the world's first cold-sensitive and colour-changing smartphone, developed in collaboration with Nordic design studio Valeur Designers.

The range includes the Realme 14 Pro 5G and Realme 14 Pro+ 5G.

When the temperature drops below 16°C, the phone's back cover transforms its colour from Pearl White to a Vibrant Blue, for example. This also reverses when the temperature rises.



It comes globally in Pearl White and Suede Grey, along with two other India-exclusive shades, Bikaner Purple and Jaipur Pink.

Specifications of the Realme 14 Pro+ 5G

The Realme 14 Pro+ 5G gets a 6.83-inch AMOLED quad-curved display with a refresh rate of 120 Hz as well as 1,500 nits peak brightness. It also gets Gorilla Glass 7i protection. The battery is 6,000 mAh and comes with an 80 W charger.

The main difference between the Pro and Pro+ is that the plus gets a Snapdragon 7s Gen 3 processor while the standard version is powered by a Dimensity 7300, with slightly older CPU cores.

The phones come with up to 12 GB RAM and 256 GB storage.

They also have the Realme UI 6.0 based on Android 15.

Meanwhile, the camera setup is a 50 MP main Sony IMX896 sensor, along with a 50 MP Sony IMX882 telephoto lens and an 8 MP ultrawide lens. The selfie camera meanwhile is 32 MP and gets a triple flash.

Specifications of the Realme 14 Pro 5G

The Realme 14 Pro 5G gets a 6.77-inch display with a 120 Hz refresh rate and 4,500 nits peak brightness. Its battery is also 6,000 mAh, but the charger is a 45W one.

It gets the MediaTek Dimensity 7300 Energy chipset with 8 GB RAM and 256 GB storage.

# भाजपा नेत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

## सरपंच पति पर लिव-इन का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में भाजपा नेत्री के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 51 वर्षीय सरपंच पति लेखराज डाबी ने उसे शादी का झांसा दिया और लिव-इन रिलेशनशिप के लिए बाकायदा एक एग्रीमेंट भी करवाया। इस दौरान आरोपी ने ढाई साल तक शारीरिक शोषण किया।

पीड़िता का कहना है कि जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने उसका गुपचुप अबॉर्शन करा दिया। अब महिला ने सरपंच पति की गिरफ़्तारी न होने के कारण चेतावनी दी है कि वह मुख्यमंत्री निवास के बाहर धरना देगी।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उसकी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति है और



वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री उषा ठाकुर का समर्थक है। उषा ठाकुर के साथ उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि वह पहले एक आर्मी अफसर के घर में कुक का काम करती थी। सिमरोल मंडल में पार्टी का काम करते समय उसकी मुलाकात सरपंच पति लेखराज डाबी से हुई, जिससे धीरे-धीरे दोस्ती हो गई।

इसके बाद लेखराज ने आर्मी अफसर के घर पर आना-जाना शुरू कर दिया और उसे लगातार परेशान करने लगा। महिला का कहना है कि लेखराज ने उसे शादी का झांसा दिया। उसने यह भी कहा कि ठाकुर परिवार में दो महिलाओं से शादी करना संभव है, इसलिए वह उससे दूसरी शादी कर सकता है।

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि लिव इन में रहने के दौरान वह प्रेग्नेंट हो गई तो आरोपी ने उसका अबॉर्शन करवा दिया। उसके पास अब खाने और खर्च के पैसे भी नहीं बचे हैं। एक किराए के मकान में दो दिन का राशन भरवा कर लेखराज फरार हो गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब उसके परिवारजन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# 35 से ज्यादा अवैध गैरेजों पर चली जेसीबी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम की टीम ने गुरुवार सुबह कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन से अवैध निर्माण हटाया। साथ ही, एयरपोर्ट रोड पर एक अवैध होर्डिंग को भी हटाया। निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ रिमूवल की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को टीम झोन क्रमांक 15 के एमओजी लाइन स्थित स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को आवंटित सरकारी जमीन पर पहुंची। यहां 35 से अधिक कच्चे-पक्के गैरेज मालिकों ने अतिक्रमण कर रखा था। इन सभी को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान उपायुक्त लता अग्रवाल, भवन अधिकारी सुनील सिंह जादौन, सहायक यंत्री सौरभ माहेश्वरी, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे और निगम का अमला मौजूद रहा। उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को एयरपोर्ट रोड पर लगे 15x15 साइज के अवैध होर्डिंग को काटकर हटाया गया।

### एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर गुरुवार रात एक चलती कार में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 7:45 बजे मिडफ्लाइट रेस्टोरेंट के पास चलती कार में आग लगने की खबर मिली। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर रवाना हुई। आग की सूचना पर एरोड्रम थाने के जवान भी पहुंचे और वहां जमा भीड़ को हटाया। पुलिस के मुताबिक, कार में कौन सवार था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, कार के बोनट में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं निकला था। इसके बाद पूरी कार में आग पकड़ ली।

### तीसरी मंजिल से गिरकर 3 साल की बच्ची की मौत

**इंदौर।** आजाद नगर में रहने वाली तीन साल की बच्ची की मंगलवार दोपहर घर की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। गंभीर हालत में बच्ची को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आज सुबह 4 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक बच्ची कनक की पहचान सरवन मालवीय की बेटी के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, 14 जनवरी दोपहर 2 बजे कनक खेलते हुए बालकनी के पास पहुंच गई और इसी दौरान वह नीचे गिर गई। हादसे के समय बच्ची की मां कविता बालकनी में कपड़े सूखा रही थीं, और उनकी नज़र बच्ची पर नहीं पड़ी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। कनक के पिता पेशे से मैकेनिक हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक